उत्तर प्रदेश शासन,
ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-1
संख्या-98/2015/3834/92-1-2015-93एम/89टीसी-2,
लखनऊ: दिनांक: 20 अगस्त, 2015

कार्यालय-ज्ञाप

शासन के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-330/92-2012-93एम/89टीसी-2, दिनांक 06-11-2012 द्वारा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अन्य सहायक/अधिशासी/अधीक्षण अभियंताओं के साथ श्री हयात हुसैन खॉ, अधिशासी अभियंता (सेवानिवृत्त दिनांक 30-7-2012), को दिनांक 19-02-2009 से तृतीय वित्तीय स्तरोन्नयन के रूप में ग्रेड वेतन रू0 8700/- अनुमन्य कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। निदेशक एवं मुख्य अभियंता द्वारा श्री हयात हुसैन खॉ को ए0सी0पी0 की देयता के सम्बन्ध में किये गये अनुरोध के अनुक्रम में पुनर्परीक्षण कराते हुये संस्तुति प्राप्त किये जाने हेतु दिनांक 30-7-2015 को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक आहूत कर विचार किया गया। सम्यक् विचारोपरान्त पाया गया कि श्री हयात हुसैन खॉ को उनकी दिनांक 08-11-1979 से भूगर्भ जल विभाग की सेवाओं के आधार पर शासन के कार्यालय-ज्ञाप सं0-644/62-3-2007-93एम/89टीसी-2, दिनांक 07-02-2007 द्वारा उन्हें 16 वर्ष की अनवरत संतोषजनक सेवा के उपरान्त दिनांक 08-11-95 से वैयक्तिक वेतनमान रू0-3700-5000 (दिनांक 01-01-1996 से लागू संशोधित वेतनमान रू0 12000-16500) अनुमन्य करा दिया गया है। अत: ए0सी0पी0 विषयक शासनादेश सं0-वे0आ0-2-773/दस-62(एम)/2008, दिनांक 05-11-2014 के प्रस्तर-4 के उपप्रस्तर-5 के प्राविधानों के अनुसार श्री खॉ की भूगर्भ जल विभाग की सेवा को गणना में लेते हुये कुल 26 वर्ष की सेवा पूर्ण होने तथा ए0सी0पी0 की व्यवस्था लागू होने की तिथि दिनांक 01-12-2008 से तृतीय वित्तीय स्तरोन्न्यन के रूप में ग्रेड वेतन रू0 8700/- अनुमन्य किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- शासन के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-330/92-2012-93एम/89टीसी-2, दिनांक 06-11-2012 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जायेगा।

डा0 प्रभात कुमार
प्रमुख सचिव।

संख्या-98 /2015/3834(1)/92-1-2015, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3- वित्त नियंत्रक, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
4- मुख्य अभियंता (पूर्वी/पश्चिमी), ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
5- संबंधित कोषाधिकारी।
6- संबंधित सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता द्वारा निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
7- ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-2/गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(शिशिर कुमार यादव)
विशेष सचिव!

http://shasanadesh.up.nic.in